भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर मे

हिन्दी चेतना मास 2017 का शुभारंभ

हिन्दी चेतना मास 2017 का उद्घाटन आज दिनांक 14 सितम्बर, 2017 अपराह्न 3:30 पर माननीय मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर सिंह, कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कुलपति महोदय ने कहा कि हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु हमें सामान्य एवं बोलचाल की भाषा का प्रयोग अपने दैनिक कार्यों एवं वैज्ञानिक लेखन में करना चाहिए।

संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिताभ डे ने कहा कि हमें किसानों के लिए उनकी भाषा में सरल तकनीकि शब्दों के साथ शोध सम्बंधी ज्ञान पहुँचाया जाए। उन्होनें हिन्दी चेतना मास में कार्यक्रम को और विविधिकरण करने और रोचक बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगन्तुकों का स्वागत डॉ. अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष राजभाषा ने किया। इस अवसर पर डॉ. जे.एस. मिश्र, डॉ. सन्त कुमार सिंह, डॉ. अभय कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। राजभाषा अध्यक्ष, डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक नया कार्यक्रम "हिन्दी की छाँव में कृषक एवं वैज्ञानिक" के तहत वैज्ञानिक गाँवों में जायेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संचालन डॉ. मनोज कुमार ने किया। हिन्दी चेतना मास 14 सितम्बर, 2017 से 13 अक्टूबर 2017 तक मनाया जा रहा है।